भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1258 #
गुरूवार, 5 दिसम्बर, 2024/14 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी योजना

1258 # श्री आदित्य प्रसाद:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में विशेषकर झारखण्ड राज्य में पर्यटन को सतत रूप से बढ़ावा देने में पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी पहल का ब्यौरा क्या है;

(ख) ये पहल पर्यटन क्षेत्र में विशेषकर झारखण्ड राज्य में स्थानीय समुदायों की भूमिका में किस प्रकार वृद्धि करेगी;

(ग) क्या इन कार्यक्रमों के अंतर्गत पर्यटन में अपने कौशल और ज्ञान को बेहतर बनाने के लिए प्रतिभागियों को कौन-कौन से प्रशिक्षण और क्या-क्या सहायता प्रदान की जाएगी; और

(घ) ये पहलें समुदायिक भागीदारी और आर्थिक विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय के व्यापक लक्ष्यों के साथ किस प्रकार संरेखित हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी के नाम से एक राष्ट्रीय जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन पहल शुरू की है। यह पहल भारत के 6 पर्यटक गंतव्यों, यथा ओरछा (मध्य प्रदेश), गंडिकोटा (आंध्र प्रदेश), बोधगया (बिहार), आइजोल (मिजोरम), जोधपुर (राजस्थान), और श्री विजयपुरम (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) पर शुरू की गई।

'अतिथि देवो भव:' की भावना के तहत, कैब चालकों, ऑटो चालकों, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, बस स्टेशनों के स्टाफ, होटल स्टाफ, रेस्तरां स्टाफ, होमस्टे मालिक, टूर गाइड, पुलिस कर्मियों, स्ट्रीट वेंडर, दुकानदारों, छात्रों और अन्य लोगों को पर्यटन, आम स्वच्छता, सुरक्षा, स्टैबिलिटी आदि के महत्व और पर्यटकों को सर्वोच्च स्तर के आतिथ्य एवं देखभाल प्रदान करने के महत्व पर भी प्रशिक्षण और जागरूकता प्रदान की जाती है।

यह कार्यक्रम 15 अगस्त, 2024 को शुरू किया गया था और तब से 3,500 से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। विश्व पर्यटन दिवस 2024 पर, पर्यटन मंत्रालय ने देश के 50 पर्यटनक गंतव्यों में पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी नामक पहल का विस्तार किया, जिसमें झारखंड में रांची शामिल है।

*****

अनुबंध

श्री आदित्य प्रसाद द्वारा पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी योजना के संबंध में दिनांक 05.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1258# के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मित्र के लिए 50 गंतव्यों की सूची - चरण-II		
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन	**गंतव्य 1**	**गंतव्य 2**
आंध्र प्रदेश	गंडिकोटा*	तिरुपति
अरुणाचल प्रदेश	तवांग	
असम	गुवाहाटी	
बिहार	बोधगया*	नालंदा
चंडीगढ़	चंडीगढ़	
छत्तीसगढ़	रायपुर	
दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव संघ राज्य क्षेत्र	दमन	
दिल्ली	दिल्ली	
गोवा	गोवा	
		पणजी
गुजरात	अहमदाबाद	
		केवड़िया
हरियाणा	कुरुक्षेत्र	
हिमाचल प्रदेश	शिमला	
जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर*	
झारखंड	रांची	
कर्नाटक	हम्पी (विजयनगर)	
		मैसूर
केरल	तिरुवनंतपुरम	कोच्चि
लद्दाख	लेह	
लक्षद्वीप	कावारत्ती	
मध्य प्रदेश	ओरछा*	
		उज्जैन
महाराष्ट्र	औरंगाबाद	
		नासिक
मणिपुर	इम्फाल	
मेघालय	शिलांग	
मिजोरम	आइजोल*	
नागालैंड	दीमापुर	

ओडिशा	पूरी	
पुडुचेरी	पुडुचेरी	
पंजाब	अमृतसर	पटियाला
राजस्थान	जोधपुर*	जयपुर
सिक्किम	गंगटोक	
तमिलनाडु	महाबलीपुरम	
		तंजावुर
त्रिपुरा	अगरतला	
तेलंगाना	हैदराबाद	
उत्तर प्रदेश	वाराणसी	आगरा
उत्तर प्रदेश	अयोध्या	
उत्तराखंड	हरिद्वार	ऋषिकेश
पश्चिम बंगाल	दार्जिलिंग	कोलकाता
* इन गंतव्यों पर पायलट परियोजना शुरू की गई		

****